संशोधन आदेश

संख्या- 218 /2021 / 2324 /चार-2021

प्रेषक,

विनय श्रीवास्तव
अनु सचिव ,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय,
लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 13 दिसम्बर, 2021

विषयः- राजकीय संग्रहालय,झाँसी परिसर में पानी की मोटर खराब होने के कारण नई मोटर के क्रय हेतु निर्गत शासनादेश दिनांक 03 दिसम्बर, 2021 में आशिंक संशोधन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासनादेश संख्या-191/2021/1961/चार-2021 दिनांक 03 दिसम्बर, 2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त शासनादेश संख्या-191/2021/1961/चार-2021 दिनांक 03 दिसम्बर, 2021 में आहरण वितरण अधिकारी, राज्य संग्रहालय लखनऊ के स्थान पर '' आहरण वितरण अधिकारी, राजकीय संग्रहालय, झाँसी '' एवं मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ के स्थान पर ''मुख्य कोषाधिकारी, झाँसी'' का नाम अंकित करते हुए आंशिक संशोधन आदेश जारी किया जा रहा है।

3- शासनादेश शासनादेश संख्या-191/2021/1961/चार-2021 दिनांक 03 दिसम्बर, 2021 उक्त सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

भवदीय,

(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव

संख्या- 218 /2021 / 2324 /चार-2021 तद् दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराजा
2- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- उप निदेशक, राजकीय संग्रहालय, झाँसी।
4- आहरण एवं वितरण अधिकारी-सहायक निदेशक, राज्य संग्रहालय लखनऊ
5- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- आहरण वितरण अधिकारी, राजकीय संग्रहालय, झाँसी
7- मुख्य कोषाधिकारी, झाँसी।
8- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in